# फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी | By Kumaar Mukesh

फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी
और संग में सज रही हैं वृषभानु की दुलारी

मुस्कान तेरे अधरों की बड़ी ही प्यारी लागे
मीठी तान मुरलिया की मनभावन अति लागे
तेरी संवरी सुरतिया पे जाएँ बलिहारी
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

सुन्दर सलोना मुख तेरा बड़ा ही प्यारा लागे
माथे मोर मुकुट तेरा बड़ा ही प्यारा साजे
गले बैजंती माला की शोभा प्यारी लागे
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

नैना तेरे कजरारे लट हैं घूँघरवाले
कानो के कुण्डल लागे श्याम प्यारे
मोहन तेरी छवि पर जाएँ बलिहारी
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

पाँव में तेरे पैजनिया गले बैजंती माला साजे
अधरों पे तेरी मीठी हंसी शोभा प्यारी लागे
मोहन तेरी छवि पर जाएँ बलिहारी
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

राधा की नथिनी प्यारी माथे का टीका प्यारा
श्रृंगार राधा रानी का लगता बड़ा न्यारा
तेरी प्यारी छवि पर जाएँ बलिहारी
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

मेरे सांवरे की भक्ति जग में बड़ी निराली
करते सभी पे कृपा आये जो भी सवाली
सब तेरे चरणों में जाएँ बलिहारी
फूलों में सज रहे हैं मेरे बांके बिहारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a5%82%e0%a4%b2%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%9c-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac/